No. of Printed Pages : 8

**DECE-1**

# DIPLOMA IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (DECE)

## Term-End Examination

04474

## June, 2019

## DECE-1 : ORGANISING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Question no. 1 is **compulsory**. Answer any **four** from the remaining questions.*

---

**1.** (a) Given below is a list of activities. For each, state the area in which the activity primarily fosters development. (e.g. : racing to touch a tree — gross motor development) 5

(i) An outdoor game with rules

(ii) Hide and seek game

(iii) Making a necklace with beads

(iv) Floating objects on water

(v) Forming different shapes using sticks

(b) As a preschool teacher, what are the aspects you will keep in mind when selecting a play activity for three-year-olds ? *5*

(c) Develop a schedule of activities for 3 days for a group of 25 four-year-olds. Justify your selection of activities. *10*

**2.** Describe one activity each that you can organize with five-year-olds to help them develop *4×5=20*

(a) Concept of time

(b) Concept of classification

(c) Concept of shape

(d) Spirit of sharing and co-operation

(e) Fine motor activities

**3.** (a) What are the factors in the family that cause agression in a child ? *10*

(b) What is 'attachment' bond ? What is its significance for infants' development ? *10*

4. (a) List two activities that you would plan for infants in each of the following groups : (i.e. total of six activities)

   (i) 1 – 3 month old infant

   (ii) 3 – 6 month old infant

   (iii) 9 – 12 month old infant

   Explain the nature of development being fostered through each activity. *2×6=12*

   (b) Briefly describe the stages of language development in the first year. *8*

5. (a) On the basis of your everyday observations, list five situations in which the child shows initiative and a willingness to try out things for herself. *5*

   (b) Describe the attitudes that a caregiver and educator of young children should have. *10*

   (c) Differentiate between 'stranger anxiety' and 'separation anxiety'. *5*

6. Write in 500 – 750 words on any ***three*** of the following : *7+7+6=20*

   (a) Egocentrism during preschool years

   (b) Importance of story telling for young children

   (c) Aspects to be kept in mind while evaluating the curriculum

   (d) Principles for nurturing creativity

   (e) Disciplining techniques

7. (a) Explain what are the major changes in thinking when a child moves from sensorimotor stage of cognitive development to pre-operational stage of cognitive development. *10*

(b) List five ways in which the caregiver can foster a young child's cognitive development. *10*

# प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा में डिप्लोमा (डी.ई.सी.ई.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2019

## डी.ई.सी.ई.-1 : बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : प्रश्न सं. 1 अनिवार्य है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं* ***चार*** *के उत्तर दीजिए ।*

1. (क) नीचे खेल-क्रियाओं की एक सूची दी गई है । बताइए प्रत्येक खेल-क्रिया प्रमुख रूप से विकास के किस क्षेत्र को बढ़ावा देती है । (उदाहरण के लिए : पेड़ को छूने के लिए दौड़ना — स्थूल-क्रियात्मक विकास) *5*

(i) नियमबद्ध बाहरी खेल खेलना

(ii) लुक्का-छिपी का खेल

(iii) मोतियों से गले का हार बनाना

(iv) पानी पर चीज़ें तैराना

(v) लकड़ी की डंडियों का प्रयोग करके भिन्न-भिन्न आकार बनाना

(ख) एक शालापूर्व शिक्षिका के रूप में, आप तीन-वर्षीय बच्चों के लिए खेल-क्रिया का चयन करते समय, किन पहलुओं को ध्यान में रखेंगी ? *5*

(ग) चार वर्ष की आयु वर्ग के 25 बच्चों के समूह के लिए खेल-क्रियाओं की एक तीन-दिवसीय अनुसूची तैयार कीजिए । आपने इन खेल-क्रियाओं का चयन क्यों किया, पुष्टि कीजिए । *10*

**2.** पाँच-वर्षीय बच्चों में निम्नलिखित प्रत्येक के विकास के लिए आप जो एक गतिविधि आयोजित करेंगे, उसका वर्णन कीजिए : *4×5=20*

(क) समय की संकल्पना

(ख) वर्गीकरण की संकल्पना

(ग) आकार की संकल्पना

(घ) आदान-प्रदान करने और सहयोग की भावना

(ङ) सूक्ष्म-क्रियात्मक योग्यताएँ

**3.** (क) वे कौन-से पारिवारिक कारक हैं जो बच्चे के आक्रामक व्यवहार के लिए उत्तरदायी होते हैं ? *10*

(ख) 'लगाव' क्या है ? शिशु के विकास में यह क्या महत्त्व रखता है ? *10*

4. (क) निम्नलिखित प्रत्येक समूह के शिशुओं के लिए आप जिन दो गतिविधियों की योजना बनाएँगे, उन्हें सूचीबद्ध कीजिए : (अर्थात् कुल छः गतिविधियाँ)

(i) 1 – 3 माह का शिशु

(ii) 3 – 6 माह का शिशु

(iii) 9 – 12 माह का शिशु

प्रत्येक गतिविधि के द्वारा विकास की किस प्रकृति को बढ़ावा मिल रहा है, समझाइए । *2×6=12*

(ख) प्रथम वर्ष में भाषायी विकास की अवस्थाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए । *8*

5. (क) अपने रोज़मर्रा के अवलोकनों के आधार पर उन पाँच स्थितियों की सूची बनाइए जिनमें बच्चा पहल करने की प्रवृत्ति और चीज़ों को आज़माने की इच्छा दर्शाता है । *5*

(ख) उन मनोवृत्तियों का वर्णन कीजिए जो छोटे बच्चों के पालनकर्ता और शिक्षक में होनी चाहिए । *10*

(ग) 'अपरिचित के प्रति व्यग्रता' और 'बिछुड़ने का भय' के बीच अंतर बताइए । *5*

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर 500 – 750 शब्दों में लिखिए : *7+7+6=20*

(क) शालापूर्व वर्षों में अहंकेन्द्रिकता

(ख) छोटे बच्चों को कहानी सुनाने का महत्त्व

(ग) पाठ्यचर्या का मूल्यांकन करते समय ध्यान रखने योग्य पहलू

(घ) सृजनात्मकता को बढ़ावा देने संबंधी सिद्धांत

(ङ) अनुशासित करने के तरीके

7. (क) जब बालक संज्ञानात्मक विकास की संवेदी-क्रियात्मक अवस्था से संज्ञानात्मक विकास की पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था की ओर अग्रसर होता है, तब उसकी विचार शक्ति में कौन-से प्रमुख परिवर्तन आते हैं, बताइए । *10*

(ख) ऐसे पाँच तरीकों की सूची बनाइए जिनके द्वारा पालनकर्ता छोटे बच्चे के संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा दे सकता है । *10*

---